भारत सरकार
कोयला मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2214
जिसका उत्तर 04 मार्च, 2020 को दिया जाना है

कोल इंडिया की लाभप्रदता

2214. श्री वाई॰ देवेन्द्रप्पाः

क्या **कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने सितंबर, 2019 के समाप्त होने वाली तिमाही के दौरान वर्ष 2018–19 के समान अवधि की तुलना में काफी अधिक मुनाफा अर्जित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या प्राप्त परिणाम बाजार विश्लेषकों और सरकार की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कोल इंडिया लिमिटेड के कार्यकरण में ऐसे संतोषजनक सुधार के क्या कारण हैं?

उत्तर
संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री
(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क से ग) : कोल इंडिया लिमिटेड ने सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही के दौरान लाभ अर्जित की है। वर्ष 2018-19 की इसी अवधि के दौरान अर्जित लाभ की तुलना में लाभ का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

विवरण	30 सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही	30 सितंबर, 2018 को समाप्त तिमाही
कर पूर्व लाभ	4277.15	5116.41
कर पश्चात् लाभ	3522.90	3084.70

यद्यपि 30.9.2019 को समाप्त तिमाही के लिए कर पूर्व लाभ गत वर्ष के इसी तिमाही की तुलना में कम है, 30.9.2019 को समाप्त तिमाही के लिए कर पश्चात् लाभ आय कर दर में कमी के कारण 30.9.2018 को समाप्त तिमाही की तुलना में अधिक है।

*****